RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स




वर्ष - 23 | अंक - 02 | मुंबई, 05 दिसंबर, 2023 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## 'अन्या' नामक मसाज पार्लर के आड़ में चलने वाले देह व्यापार के धंधे पर

# हिंजवडी पुलिस कब करेगी कानूनी कारवाई?

**संवाददाता**

**पुणे, स्थानिक सूत्रों के अनुसार पिंपरी चिंचवड पुलिस आयुक्तालय के नियंत्रण में आने वाले सभी पुलिस थाने के हद में कई ऐसे मसाज पार्लर (स्पा) है। जिन में मसाज सिर्फ नाम के लिये कहा और लिखा जाता है, इन मसाज पार्लरो में मसाज करना और कराना यह बात दूर दूर तक नही है।**



श्री. विनोय कुमार चौबे
(पुलिस आयुक्त, पिंपरी चिंचवड)



श्री. डॉ काका साहेब डोले
(पुलिस उपायुक्त - परिमंडल क्र. 2 )



श्रीराम ब.पौल
(वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक-हिंजवडी पुलिस)

## पार्लर मालकिन का नजराना! पुलिस कर रही है नजर अंदाज?

इन मसाज पार्लरो में पार्लर के मालिक व मालकिन दुसरे राज्यों से दलालों के माध्यम से लडकियों को मंगवाते हैं और उन लडकियों के माध्यम से स्पा में देह व्यापार का धंधा चला रहे है।

स्थानिय जानकारो के अनुसार प्रियंका प्रभाकरराव महाला नामक महिला जिसका आज पुरे पुणे और पिंपरी चिंचवड आयुक्तालय के हद में कई मसाज पार्लर अलग अलग नम से चल रहे है। यह महिला शुरूवाती दौर में अपने नाम से हर दुकान का करारनामा बनाया करती थी। इसी बिच पुणे के कोरेगाव पार्क पुलिस थाने में दिनांक ६/५/२०२१ के रोज प्रियंका प्रभाकरराव महाला और इनके कुछ साथियों पर गंभीर धाराओ के साथ भा.द.वी की धारा ३७०.३.४.१८८.२६९.३४ के तहत







कानूनी कारवाही की गई। इस घटना से प्रियंका महाला को यह बात अच्छे से समझ आ गई कि अब किसी भी दुकान का करारनामा अपने नाम से नही रखना है। उसी दिन से करारनामा के लिये प्रियंका ने कुछ लोगो को रखा है जिन्हें वह प्रति दुकान के करारनामे पर कुछ रकम तय किये हुआ है। जो करारनामे की तारीख के हिसाब से महीने की उस तारीख को उस व्यक्ति को रुपए दिया करती है।

स्थानिय रहिवाशियो के अनुसार प्रियंका महाला का दो मसाज पार्लर है। पहला हिंजवडी पुलिस थाने के हद में दूसरा वाकड पुलिस थाने के हद में, एक ही नाम से यह दोनों मसाज पार्लर है। पहला मसाज पार्लर तिसरा माला, सखारे लकां, पंचरत्न चौक, सर्वे क्र २/३ वाकड रोड, हिंजवडी पुणे ४११०५७ इस पते पर अन्या बॉडी स्पा नाम से है। जिस तरह से लोगो के बिच इस मसाज पार्लर का विषय बना हुआ है। उसकी सच्चाई पुलिस प्रशासन के सामने लाने और समाज में होने वाली अवैध गतिविधियों को समाज से बहार करने के उद्देश से परिसर के एक व्यक्ति ने हमे पार्लर में होने वाली अश्लील गतिविधियों की एक विडिओ बना कर दिया। प्राप्त हुई विडिओ को पूरी देखने के बाद दिनांक ०१/११/२०२३ के रोज पिंपरी चिंचवड के पुलिस आयुक्त श्री. विनोय कुमार चौबे को लिखित पत्र के माध्यम पार्लर में होने वाली अश्लील गतिविधियों की पूरी जानकारी दी गई।

( पेज ८ पर.... )

## न करें अनदेखा, ये HIV संक्रमण का हो सकता है संकेत

**मुंबई:** एचआईवी यानी ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस का संक्रमण वैश्विक स्तर पर बढ़ा है, इसे एड्स रोग का कारण माना जाता है। यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 में वैश्विक स्तर पर 39.0 मिलियन लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। 630,000 लोगों की एड्स और इससे संबंधित बीमारियों से मौत भी हुई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एड्स खतरनाक बीमारी है, जिससे बचाव के लिए लगातार प्रयास करते रहने की



आवश्यकता है।

एचआईवी का संक्रमण असुरक्षित यौन संबंध, दूषित इंजेक्शन, नशीली दवाओं के उपयोग या सुइयों को साझा करने और गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान मां से बच्चे में फैल सकता है। इस बातों का ध्यान रखकर संक्रमण के खतरे को कम किया जा सकता है। डॉक्टर कहते हैं, सभी लोगों के लिए जरूरी है कि आप इस संक्रमण और रोग के लक्षणों पर निरंतर गंभीरता से ध्यान देते रहे। संक्रमण का असर पूरे शरीर पर हो सकता है, ऐसे में इसके लक्षणों पर ध्यान देते रहना बहुत आवश्यक है। आइए जानते हैं कि शरीर पर इसके कारण किस-किस तरह की दिक्कतें होने का खतरा अधिक रहता है? ( पेज ८ पर.... )

## फेसबुक पर नाबालिग लड़कियों से दोस्ती कर मिला और उनके साथ दुष्कर्म करके फरार आरोपी भायंदर से गिरफ्तार

**वसई।** मध्यवर्ती क्राइम ब्रांच (मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय) ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जो फेसबुक पर नाबालिग लड़कियों से दोस्ती कर मिला और उनके साथ दुष्कर्म करके फरार हो गया था।

पिछले एक माह से वह पुलिस को चकमा दे रहा था। मिली जानकारी के अनुसार नालासोपारा में रहने वाली 17 साल की नाबालिग लड़की की पहचान फेसबुक पर एक (युवक) आरोपी से हुई। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती किया और पीड़िता से जबरन शारीरिक संबंध बनाए तथा लड़की के अश्लील तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर उसे बदनाम किया।

( पेज ८ पर.... )

## संपादकीय

# अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि

राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है और महाराष्ट्र राज्य दूसरे स्थान पर है, यह चौंकानेवाली जानकारी राष्ट्रीय अपराध पंजीकरण विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट से सामने आई है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में मुंबई और पुणे शहरों में सबसे ज्यादा अपराध होते हैं और राज्य के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस का होमटाउन नागपुर शहर तीसरे स्थान पर है।

राज्य सरकार ने महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का दावा किया था। सरकार ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा और अपराध को कम करने के लिए विशेष प्रयास करने का दावा किया है। पिछले साल महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में महाराष्ट्र देश में तीसरे स्थान पर था, जबकि इस साल की रिपोर्ट में राज्य दूसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा मामले (६५,७४३) हैं, जबकि महाराष्ट्र में (४५,३३१) मामले हैं। राजस्थान में तीसरे सबसे ज्यादा मामले (४५,०५८) हैं। देश में ३१ हजार ५१६ यौन उत्पीड़न के मामले दर्ज हैं। इनमें मध्य प्रदेश के बाद राजस्थान (५३,३९९) दूसरे, उत्तर प्रदेश (३,६९०) तिसरे और महाराष्ट्र (२,९०४) चौथे स्थान पर है।

देश में १ हजार १७ नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न हुआ है और सबसे ज्यादा लड़कियों का यौन उत्पीड़न उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में हुआ है। राज्य में महिलाओं के खिलाफ बलात्कार के सबसे ज्यादा मामले मुंबई में हैं। ३७० महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है, इसके बाद पुणे में ३०७ महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और तीसरे स्थान पर नागपुर शहर है, जहां २५१ महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया है।

# मैंने गैंगस्टर को छोड़ने से कर दिया था मना

## मीरा बोरवंकर ने सुनाया अजीत डोभाल से जुड़ा रोचक किस्सा.. रडार पर था दाऊद

मुंबईः भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल हमेशा चर्चा में रहते हैं। भारत के लिए जासूस के रूप में उनके कारनामों की कई कहानियां अक्सर बताई जाती हैं। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली में नरेंद्र मोदी और अमित शाह के बाद वे तीसरे सबसे पावरफुल व्यक्ति अजीत डोभाल हैं, हालांकि महाराष्ट्र कैडर की पूर्व आईपीएस अधिकारी मीरा बोरवंकर कई साल पहले इन्हीं अजीत डोभाल के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया था। उस वक्त भी अजित डोभाल दिल्ली के दायरे में एक बड़ी हस्ती थे, लेकिन मीरा बोरवंकर ने गैंगस्टर को छोड़ने की सिफारिश पर अजीत डोभाल को भी कठोर शब्द कहे थे। अपनी किताब मैडम कमिश्नर को लेकर सुर्खियों में छाईं मीरा बोरवंकर ने सहयोगी वेबसाइट महाराष्ट्र टाइम्स ऑनलाइन के एडीटर अभिजीत कांबले को दिए एक इंटरव्यू में यह किस्सा सुनाया।



**तब मैं क्राइम ब्रांच में थी**

इंटरव्यू में मीरा बोरवंकर ने मुंबई क्राइम ब्रांच में काम करने के दौरान अपने अनुभवों के बारे में विस्तार से बात की। इस मौके पर उन्होंने अजीत डोभाल से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। मीरा बोरवंकर ने कहा कि जब हम मुंबई क्राइम ब्रांच में थे तो इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस करते थे। उस समय हमने देखा कि मुंबई के कई व्यापारियों को जबरन वसूली की धमकियां मिल रही थीं। जब हमने इस फोन कॉल को ट्रेस किया तो पता चला कि यह कॉल कोलकाता से आ रही है। हमने धमकी देने वाले लोगों को ढूंढने के लिए ह्यप्रोजेक्ट एक्सह्व को लांच किया। मीरा बोरवंकर ने बताया कि हमें बाद में जानकारी मिली कि धमकी देने वाला आरोपी दिल्ली आ गया है।

**दोनों ह्यसरह्व कहकर बुलाते थे**

मीरा बताती हैं कि उस वक्त क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने इस फोन कॉल पर दोनों आरोपियों की आवाज पहचान ली थी। अधिकारियों ने मुझे बताया कि उनमें से एक छोटा राजन गिरोह का विक्की मल्होत्रा था, जबकि दूसरा व्यक्ति फरीद तनाशा था इन दोनों के साथ बातचीत में एक और व्यक्ति भी था। ये दोनों लोग उस शख्स को ह्यसरह्व कहकर बुलाते थे, लेकिन हमें पता नहीं चल सका कि ये आवाज किसकी थी। इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम दिल्ली गई। वहां से एक पुलिस इंस्पेक्टर ने मुझे बुलाया। उसने मुझे बताया कि विक्की मल्होत्रा एक लड़के के साथ होटल में बैठा था। अधिकारी ने मुझसे कहा कि होटल से बाहर आने के बाद हम दोनों को गिरफ्तार कर लेंगे। बाहर निकलने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने अपनी कार डालकर दोनों को रोक लिया। मुंबई पुलिस को देखते ही विक्की मल्होत्रा को एहसास हो गया कि उनका खेल खत्म हो गया है, लेकिन उनके साथ जो व्यक्ति था उसने इंस्पेक्टर से कहा कि अपने सीनियर अधिकारी को बुलाओ।

**डोभाल से फोन पर हुई बात**

मीरा बताती हैं कि कुछ बहस के बाद पाटिल नाम के एक पुलिस इंस्पेक्टर ने फोन किया और उस व्यक्ति की मुझसे बात कराई। उस समय दूसरे व्यक्ति ने मुझसे कहा कि मैं इंटेलिजेंस ब्यूरो का पूर्व निदेशक हूं। उन्होंने यह भी कहा कि विक्की मल्होत्रा को छोड़ो। मुझे आश्चर्य हुआ कि छोटा राजन गिरोह के गैंगस्टर के साथ इतना बड़ा अधिकारी कैसे हो सकता है? इसलिए मैंने दूसरे व्यक्ति से उसका बैच मांगा, फिर मैंने दूसरे व्यक्ति से उसके महाराष्ट्र के बैचमेट्स के नाम पूछे। जो उन्होंने सही बताए। तब मुझे विश्वास हो गया कि यह व्यक्ति कोई वरिष्ठ अधिकारी है। मीरा बताती है कि मैंने विक्की मल्होत्रा जैसे कुख्यात गैंगस्टर को उनके अनुरोध पर जाने देने के लिए राजी नहीं थी।

**मैं तुम्हें सबक सिखाऊंगी**

मीरा बताती हैं कि इसलिए मैंने विक्की मल्होत्रा को छोड़ने से इनकार कर दिया। इस पर दूसरे व्यक्ति ने मुझसे कहा कि मैं तुम्हें सबक सिखाऊंगा। उनकी बात सुनकर मुझे गुस्सा भी आया। मैंने उनसे यह भी कहा कि मैं तुम्हें भी सबक सिखाऊंगी। मेरे रवैये से अजित डोभाल थोड़ा डर गए। उन्होंने दिल्ली पुलिस को फोन कर मौके पर बुलाया, लेकिन, तब तक यह खबर मीडिया में फ्लैश हो चुकी थी। यह मामला उस समय काफी चर्चित रहा था। मीरा कहती हैं कि तब बाद में पता चला कि अजीत डोभाल साहब कोई ऑपरेशन करने वाले थे, लेकिन ऐसा भी बातें आईं कि दाऊद के कहने पर मुंबई पुलिस ने इस ऑपरेशन को नाकाम कर दिया। मीरा कहती हैं कि लेकिन हमें कोई अंदाजा नहीं था। मीरा बोरवंकर से प्रेरित होकर ही बॉलीवुड में मदानी फिल्म बनी थी।

# सबसे अधिक महाराष्ट्र में हिंसा और दंगों की घटना

**मुंबईः** महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पुख्ता और सबसे ज्यादा एडवांस होने के राज्य सरकार के दावे की पोल एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट ने खोल दी है। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में महाराष्ट्र में हिंसा और दंगों की घटनाओं में खासी वृद्धि दर्ज की गई है। इस वजह से रिपोर्ट में महाराष्ट्र देश में सबसे अधिक दंगे की घटनाओं वाले राज्य के रूप में दर्ज है। रिपोर्ट का दावा है कि महाराष्ट्र में 2022 में कुल 8,218 दंगे के मामले दर्ज किए गए, जिनसे 9,558 लोग प्रभावित हुए। वहीं 28 मामले सांप्रदायिक एवं धार्मिक और 75 मामले राजनीतिक हिंसा के दर्ज हुए, जबकि 25 अन्य मामले जाति संबंधित संघर्षों से जुड़े दर्ज हुए। दंगों के मामले



में 4,736 केसों के साथ बिहार दूसरे स्थान पर है, जबकि 4,478 केसों के साथ उत्तर प्रदेश देशभर में तीसरे स्थान पर है।

31 मार्चः छत्रपति संभाजी नगर में दो समूहों के बीच मामूली बहस के कारण दंगा की घटना में 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस के कई वाहन जला दिए गए।

15 मईः अकोला शहर में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक हिंसा भड़की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत, जबकि दर्जन भर लोग घायल हुए थे। सप्ताह भर इंटरनेट सेवा प्रभावित रही थी।

8 जून : कोल्हापुर जिले में सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हिंदू समर्थक संगठनों द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान पथराव, तोड़फोड़ और हिंसा हुई थी। 36 लोग गिरफ्तार हुए थे।

18 सिंतबरः सातारा जिले में सोशल मीडिया पर महापुरुषों को लेकर किए एक विवादित पोस्ट के बाद दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत, जबकि 10 लोग घायल हुए थे। धारा 144, इंटरनेट पाबंदी और एसआरपीएफ की तैनाती के बाद 23 लोग पकड़े गए थे।



# इनकम टैक्स अधिकारी बनकर लूटने वाले गैंग को पुलिस ने धर दबोचा

मुंबई, सायन में एक परिवार को इनकम टैक्स अधिकारी बनकर लूटने वाले गैंग को पुलिस ने धर दबोचा है। अपनी बहन के विवाह के लिए रखे पैसों को लुटेरों ने लूट लिया है। लूट में उपयोग की गई गाड़ी के नंबर की जांच के बाद ४८ घंटे में आरोपियों को सायन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि इनकम टैक्स अधिकारी बनकर लूटने वाले गैंग का सायन पुलिस ने पदार्फाश किया है। सायन के पी चिदंबरम मार्ग स्थित लता रामकुबेर पटवा अपने पूरे परिवार के साथ रहती हैं। उनकी बहन की शादी तय होने के नाते सभी रिश्तेदारों का घर पर आवागमन जारी था। २६ नवंबर के दिन दोपहर के समय लता के घर पर चार अनजान लोग आए और अपने आप को इनकम टैक्स अधिकारी बताया और इनकम टैक्स से संबंधित कागजात मांगे घर के बाहर कोई नहीं जाएगा, कहकर फर्जी इनकम टैक्स अधिकारियों ने सभी के मोबाइल बंद कर दिए और पूरे घर की तलाशी ली। साथ ही सभी गहने और पैसे रखने को कहा घर वाले डरकर विवाह के लिए रखें १८ लाख की नकदी उनके सामने रख दी, जिसको लेकर सभी लोग फरार हो गए। उनके जाने के बाद परिवार को फर्जी अधिकारी होने की जानकारी हुई। घटना के बाद मामला सायन पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी ८ लुटेरों को घटना के ४८ घंटे में पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



# कमजोर हुई कांग्रेस की पावर

## बदलेगा महाराष्ट्र की पॉलिटिक्स का समीकरण

**मुंबई.** तीन राज्यों में कांग्रेस की हार का असर कई राज्यों में पार्टी के राजनीतिक समीकरणों पर पड़ने वाला है. दरअसल इसी साल कर्नाटक के चुनाव में प्रचंड जीत के बाद कांग्रेस बीजेपी-विरोधी गुट में अपनी स्थिति मजबूत करने में लगी हुई है. लेकिन मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे अहम चुनावी राज्यों में हार ने न सिर्फ पार्टी की पोजीशन ह्यइंडियाह्ण गठबंधन में कमजोर की है बल्कि महाविकास अघाड़ी के भीतर भी की है.

कांग्रेस ने तेलंगाना में बहुमत के आस-पास ही सीटें हासिल की हैं यानी ये बहुमत की प्राप्ति है न कि प्रचंड चुनावी जीत. जैसी कि कांग्रेस ने कर्नाटक जैसे राज्य में हासिल की है. ऐसी स्थिति में महाराष्ट्र के महाविकास अघाड़ी गठबंधन में भी पार्टी की बार्गेनिंग पावर



यानी सीटों पर तोलम-मोल की क्षमता कमजोर हुई है. यह ध्यान रखने वाली बात है कि लोकसभा चुनाव के साथ ही अगले महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव भी होने हैं. महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस के अलावा एनसीपी और शिवसेना का उद्धव गुट शामिल है.

एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि कर्नाटक चुनाव के बाद महाराष्ट्र में लगातार आगामी चुनावों के लिए ज्यादा सीटों को लेकर ताकत लगा रही थी. विशेष रूप से विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र के भीतर. लेकिन अब चुनावी हार के बाद कांग्रेस की यह मांग एनसीपी और उद्धव गुट की तरफ से ठुकराई भी जा सकती है.

इतना ही नहीं राज्य के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी है कि महाराष्ट्र कांग्रेस के कुछ नेता खेमा बदलकर बीजेपी का दामन भी थाम सकते हैं. कुछ ऐसी स्थिति भी बन सकती है जैसी मुश्किल से उद्धव ठाकरे और शरद पवार भी गुजर चुके हैं. कहा जा रहा है पार्टी के भीतर कुछ नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के औचित्य पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं.

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, इंटरस्टेट गैंग के पांच लोग गिरफ्तार, कई पासपोर्ट जब्त

**मुंबई,** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे शातिर गैंग का खुलासा किया है, जिसने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 200 से 300 लोगों के साथ फर्जी वीजा जारी करके धोखाधड़ी की. इस मामले में अब क्राइम ब्रांच ने इस गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है. इन बदमाशों ने पीड़ितों से एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया. अब उनके फर्जी कॉल सेंटरों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई. पुलिस ने मुंबई में उनके ठिकाने पर छापेमारी के दौरान कई तरह का सामान भी जब्त किया है.

डिप्टी कमिश्नर (डिटेक्शन) राज तिलक रौशन ने जानकारी देते हुए बताया, ह्यइस घोटाले के सात पीड़ितों ने पुलिस से संपर्क किया और एक फर्जी रैकेट चलाने वाले गिरोह की शिकायत की. उनका तरीका व्हाट्सएप या टेलीग्राम ऐप के जरिए लोगों को निशाना बनाना और संपर्क स्थापित करना था. इनका फर्जी लिंक मूल वीजा जैसा लगता था, जो इसे विश्वसनीय बना देता था. गिरोह के जिन सदस्यों को हमने महाराष्ट्र और भारत के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया है, वे प्रत्येक पीड़ित से 40-60 हजार ऑनलाइन मोड के माध्यम से लिया करते थे. एक कार्यालय पहले ही बंद कर दिया गया था और मुंबई कार्यालय अक्टूबर में शुरू किया गया था. आरोपियों ने इस धोखाधड़ी को अंजाम तक पहुंचाने के लिए अस्थायी समय अवधि के लिए फर्जी नामों और नंबरों का इस्तेमाल किया था. अंतरराष्ट्रीय नौकरियों की प्रक्रिया




को और अधिक वैध और विश्वसनीय बनाने के लिए पीड़ितों को चिकित्सा परीक्षण के लिए भी भेजा गया था.

डीसी रौशन के मुताबिक, ह्यलोगों को उचित भर्ती चैनलों और पोर्टलों के माध्यम से जाना चाहिए. जिन बेरोजगार लोगों को निशाना बनाया गया था, वे भारत से थे. हमें और लोगों की संलिप्तता का शक है. पासपोर्ट या वीजा के लिए त्वरित प्रक्रिया की पेशकश करने वाले भी संदिग्ध हो सकते हैं. इसलिए पूरी तरह से जांच की जानी चाहिए. कुछ पीड़ितों को हवाईअड्डे के पास पहुंचने पर ही एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी की गई है.ह्ण

सभी आरोपी 10वीं से 12वीं कक्षा के बीच तक पढ़ें हैं. भिवंडी के रामकृपाल कुशवाह (45), मुंबई के रोहित सिन्हा (33), दिल्ली के आशीष महतो (30), लखनऊ के अमितोष गुप्ता (40) और बिहार के गया से राहुल चौधरी (22) ) को मुंबई पुलिस के अधिकारियों की टीम ने गिरफ्तार किया है. इन पांच आरोपियों के अलावा पहले से जेल में बंद दो और आरोपियों को फिर से हिरासत में लिया जाएगा. उन पर विश्वासघात, आपराधिक साजिश, जालसाजी और भारतीय आव्रजन और पासपोर्ट अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

हालांकि, मुख्य कॉल सेंटर बिहार के गया से संचालित होता था और इसकी इंडियन ओवरसीज प्लेसमेंट सर्विसेज नाम से एक डमी फर्म थी. बैलार्ड एस्टेट में एक पिछला कार्यालय पहले ही बंद कर दिया गया था.

मामला मूल रूप से एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था लेकिन बाद में इस मामले की जांच का जिम्मा अपराध शाखा की यूनिट 5 को सौंप दिया गया. पुलिस ने मुंबई में उनके अंधेरी कॉल सेंटर से 63 पासपोर्ट, अजरबैजान, ओमान और सऊदी अरब के फर्जी वीजा, कई सिम कार्ड, प्रिंटर, मॉनिटर, मोबाइल फोन, राउटर और फर्जी कंपनी के नकली रबर स्टांप बरामद किए.

# 1 लाइक और खाते से 12.42 लाख रुपये गायब!

## सरकारी अस्पताल के डॉक्टर से ऑनलाइन ठगी

**जलगांव,** महाराष्ट्र के जलगांव जिले से ऑनलाइन धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां जिला सरकारी मेडिकल अस्पताल के डॉक्टर के साथ ठगी की गयी है। आरोप है कि ठगों ने डॉक्टर को फोटो लाइक टास्क और पैसे निवेश करने का लालच देकर लाखों रुपये का चूना लगाया। मिली जानकारी के मुताबिक, ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार डॉक्टर प्रणव सामृतवार से 12 लाख 42 हजार की ठगी हुई। ठगी का अहसास होते ही उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यवतमाल जिले के उमरसरा के मूल निवासी डॉ. प्रणव परशुराम सामृतवार




जलगांव जिला सामान्य अस्पताल और सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में कार्यरत हैं। प्रणव अस्पताल परिसर स्थित सरकारी आवास में ही रहते हैं। पिछले महीने उन्हें टेलीग्राम पर एक लिंक मिला। जब उन्होंने उस लिंक को खोला तो उन्हें एक टास्क दिया गया। साथ ही उन्हें पैसे देने का वादा किया गया। इसके बाद ऑनलाइन सक्रिय साइबर अपराधियों ने डॉ. प्रणव से लगातार संपर्क बनाये रखा और उन्हें 'लिंक' भेजकर फोटो को 'लाइक' करने का टास्क दिया साथ ही उनसे निवेश भी करवाया। ठगों ने कथित तौर पर शुरू में पैसे भी दिए और उनका विश्वास हासिल कर लिया। पैसा लगाने के बाद प्रणव को शुरूआत में 9 हजार 150 रुपये भी मिले। पहली बार टास्क को पूरा करने के बाद प्रणव को पैसे भेजे गए। इसके बाद डॉक्टर ने ठगों के बताए अनुसार पैसा लगाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे डॉक्टर ने 12 लाख 42 हजार का निवेश किया। लेकिन निवेश पर कोई रिटर्न नहीं मिलता। इसके विपरीत शिकायतकर्ता प्रणव से और अधिक पैसे मांगे गए। फिर ठगी का एहसास होने पर डॉक्टर ने साइबर पुलिस में मामला दर्ज करवाया। मामले की जांच चल रही है।

# आत्महत्या मामले में टॉप पर महाराष्ट्र

## सबसे ज्यादा किसानों और छात्रों ने दी जान

**मुंबई,** NCRB के आंकड़ों ने एकबार फिर से महाराष्ट्र के लोगों की नींद उड़ा दी है. ठउफइ ने आत्महत्या से जुड़े साल 2022 के आंकड़ें जारी कर दिए हैं. इस आंकड़ों में आत्महत्या के मामले ने चौंका दिया है. 2022 में देश में 1.7 लाख आत्महत्या से होने वाली मौतों में से सबसे ज्यादा मौत महाराष्ट्र में हुई है जिसके आंकड़े 13.3% है. इसके बाद तमिलनाडु जहां के आंकड़े 11.6% और मध्य प्रदेश के आंकड़े 9% है. जहां आत्महत्या दर पिछले वर्ष के 12% से बढ़कर 2022 में 12.4% हो गई है. महाराष्ट्र में किसानों (कृषि क्षेत्र में 6,083 आत्महत्याओं में से लगभग 40%) और छात्रों (13,044 ऐसी



आत्महत्याओं में से 13.5%) के बीच आत्महत्या से होने वाली मौतों की अधिकतम संख्या दर्ज की गई है.

### मुंबई का हाल

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, शहरी भारतीयों में आत्महत्या से मरने की संभावना अधिक है. जबकि मुंबई में 4.5% की वृद्धि दर्ज की गई .2021 में आत्महत्याओं के ये आंकड़ें 1,436 थे जो साल 2022 में बढ़कर 1,501 तक पहुंच चुका है.

### सड़क हादसे में कहां हुई सबसे अधिक मौतें

दिल्ली में 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में 2,103 लोगों की मौत हुई, जो देशभर में सबसे अधिक हैं. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई. 'भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्याएं 2022' रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में देश में सबसे अधिक 5,387 सड़क दुर्घटनाएं हुई. दिल्ली समेत 53 बड़े शहरों में सड़क दुर्घटनाओं में हुई अधिकतर (51.5 प्रतिशत) मौतें तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण हुई.



# PM मोदी ने किया छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण

## नौसेना दिवस कार्यक्रम में भी पहुंचे

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। पीएम मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की समृद्ध समुद्री विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र में नौसेना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज का जिक्र करते हुए कहा कि वे एक राष्ट्र के लिए नौसेना के महत्व को समझते थे।

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हम सशस्त्र बलों में महिलाओं की ताकत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज भारत प्रभावशाली लक्ष्य निर्धारित कर रहा है। हमारे देश का जीत का गौरवशाली इतिहास है। दुनिया भारत को 'विश्व मित्र' के रूप में देख रही है।

**नेवी-डे की बधाई दी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि



4 दिसंबर का ऐतिहासिक दिन हमें आशीर्वाद देता है। आपके लिए ही कहा गया है, चलो नई मिसाल हो, बढ़ो नया कमाल हो, झुको नहीं रुको नहीं, बढ़े चलो-बढ़ं चलो। मैं नौसेना परिवार के सभी सदस्यों को नेवी-डे पर विशेष रूप से बधाई देता हूं।

**'भारत के पास इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक बड़ी ताकत'**

उन्होंने कहा कि आज का भारत अपने लिए बड़े लक्ष्य तय कर रहा है और उसे पाने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा रहा है। भारत के पास इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक बड़ी ताकत है। ये ताकत 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास की है।

**मराठा साम्राज्य के संस्थापक की मुहर से नौसेना का नया ध्वज प्रेरित**

बता दें कि शिवाजी ने ही सिंधुदुर्ग किले सहित कई तटीय किलों का निर्माण कराया था। मराठा साम्राज्य के संस्थापक की मुहर से ही नौसेना का नया ध्वज प्रेरित है।

**राजनाथ सिंह ने कही यह बात**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना दिवस 2023 समारोह में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हों या उनके द्वारा प्रशस्त किए गए मार्ग पर आगे बढ़ रहे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों में नौसेना पर ध्यान देते हुए अपने राष्ट्र और समाज को सुरक्षित रखने का प्रयास देखा जा सकता है।

# मेट्रो की खुदाई के दौरान 2 जिंदा हैंड ग्रेनेड मिलने से सनसनी



**पुणे;** महाराष्ट्र के पुणे में मेट्रो निर्माण स्थल पर जिंदा हैंड ग्रेनेड मिलने से खलबली मच गई। अधिकारियों ने बताया कि पुणे के बानेर इलाके में शिवाजीनगर-हिंजेवाड़ी मेट्रो मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों को काफी पुराना हैंड ग्रेनेड मिला।

मिली जानकारी के मुताबिक, पुणे मेट्रो के लिए खंभे बनाने के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था, तभी मजदूरों को हैंड ग्रेनेड दिखा। मजदूरों ने तुरंत अधिकारियों को इसकी सूचना दी और फिर चतुरश्रृंगी पुलिस को जानकारी दी गयी। कुछ ही मिनटों में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और परिसर को सील कर दिया। चतुरश्रृंगी थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पंधारे के मुताबिक, बीडीडीएस स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया।

एहतियात के तौर पर बीडीडीएस के अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर हैंड ग्रेनेड को सुरक्षित रूप से हटाकर डिस्पोज किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि यह पुष्टि करने के लिए जांच चल रही है कि ग्रेनेड अभी भी जिंदा है या नहीं। हालांकि पुणे पुलिस के सूत्रों ने कहा कि ऐसी संभावना है कि हैंड ग्रेनेड ब्रिटिश काल का हो सकता है।

# मोदी लहर कायम, विपक्ष को करना होगा मंथन, प्रकाश आंबेडकर की खरी-खरी

**मुंबई:** पांच राज्यों के चुनाव परिणाम सामने आ चुके हैं। तीन (राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़) में भाजपा को शानदार जीत मिली है जबकि एक जगह (तेलंगाना) कांग्रेस जीती है। इन चुनाव परिणामों को कांग्रेस के लिए अप्रत्याशित झटका बताया जा रहा है। इस बारे वंचित बहुजन आघाडी (वबिआ) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि चुनाव परिणामों का विश्लेषण करना अभी संभव नहीं है, क्योंकि चुनाव आयोग ने परिणाम को पूरा ब्योरा अभी अपनी वेबसाइट पर साझा नहीं किया है। लेकिन इतना तो स्वीकार करना ही होगा कि चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली है और भाजपा व पीएम मोदी की लहर अभी खत्म नहीं हुई है।

वबिआ के दक्षिण मुंबई के बेलार्ड स्टेट स्थित कार्यालय में आयोजित पत्रकार परिषद में भारतीय संविधान के निमार्ता बाबासाहेब आंबेडकर के पौत्र प्रकाश आंबेडकर ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा इन चुनावों कांग्रेस क्यों हारी? क्या एमपी में महिलाओं का साथ भाजपा और शिवराज सरकार



को मिला, क्या कांग्रेस 'इंडिया' गठबंधन के साथ मिल कर चुनाव लड़ता तो लाभ होता? ऐसे तमाम सवालों का जवाब चुनाव आयोग द्वारा विस्तृत ब्यौरा साझा किए जाने के बाद ही मिल सकता है। हालांकि आंबेडकर ने ये स्वीकार किया कि 'इंडिया' गठबंधन में होने के बाद भी एमपी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ कांग्रेस ने जो किया वह नहीं होना चाहिए था।

विपक्षी दलों को हिम्मत दिखानी चाहिएतीन राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत के बाद ईवीएम में गड़बड़ी का मुद्दा एक बार फिर गर्म हो गया है। इस पर आंबेडकर ने कहा कि 2004 में जब मैं चुनाव हारा था तब मैने कहा था कि मुझे मतदाताओं ने नहीं बल्कि ईवीएम ने हराया है और तभी से मैं लगातार ईवीएम के बजाय बैलट पेपर से मतदान कराने की मांग कर रहा हूं। मैं विपक्षी दलों से भी यह अपील कर रहा हूं कि वे बैलट से मतदान की मांग के समर्थन में एक बार ईवीएम से मतदान करने की हिम्मत दिखाएं। लेकिन उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि इसमें कांग्रेस समर्थन नहीं करेगी क्योंकि 2004 में जब वे हारे थे तब केंद्र में कांग्रेस की ही सरकार थी। उन्होंने कहा कि फिलहाल मैं चाहता हूं कि देश के तकनीकी विशेषज्ञों को इस मामले में आगे आकर ईवीएम में गड़बड़ी का खुलासा करना चाहिए। मैं अपनी याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई का इंतजार कर रहा हूं। याचिका खारिज होने पर मैं पूरा खुलासा करूंगा।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, जानें क्या है मामला



**बुलढाणा :** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में बीजेपी पदाधिकारी और पार्टी के कार्यकताओं ने बुरी तरह मार पीटा हो गई।इस घटना का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के मेहखर शहर में कुछ भाजपा प्रतिनिधियों ने तीन राज्यों में जीत और शहर में विकास कार्यों की जानकारी देने के लिए शहर के पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। बता दें कि ये वीडियो बुलढाणा के मेहकर शहर का कल यानि 3 दिसंबर की दोपहर के आसपास का बताया जा रहा है। इस घटना के बाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने 6 पदाधिकारियों को 6 वर्षो के लिए निलंबित कर दिया गया।वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू होने से पहले ही बीजेपी के कुछ प्रतिनिधि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे और बीजेपी जिला उपाध्यक्ष, तालुका अध्यक्ष और महकारा विधानसभा सदस्य से बहस करने लगे।

**लोहे की रॉड से किया हमला**

वीडियो में एक व्यक्ति को छड़ पकड़े हुए भी नजर आ रहा है। कार्यकर्ता जिला उपाध्यक्ष, तालुका अध्यक्ष और मुखर के कांग्रेस अध्यक्ष से भिड़ने लगे। इस दौरान उन पर लोहे की रॉड से भी हमला किया गया। इस दौरान कुछ नेता लहूलुहान हो गए।

# शिरडी से निकली थी पालकी, काल बनकर आया कंटेनर, 4 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत




**अहमदनगर,** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक धार्मिक जुलूस में शामिल लोगों (वारकरी) को कंटेनर ने कुचल दिया। हादसे में चार वारकरियों की दर्दनाक मौत हो गयी और कम से कम 8 वारकरी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि शिर्डी से पुणे जिले के आलंदी तक पालकी यात्रा निकाली गयी थी, जिसमें 150 से ज्यादा वारकरी शामिल हुए थे। मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा नासिक-पुणे राष्ट्रीय राजमार्ग पर संगमनेर तालुका में खंदरमाल के पास रविवार शाम करीब चार बजे हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर भयावह स्थिति बन गयी। कंटेनर की चपेट में दर्जनभर से ज्यादा श्रद्धालु आए थे। जिनमें से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए।

# मुंबई में कचरे से पैदा होगी 100 मेगावॉट बिजली, बीएमसी बना रही खास योजना

**मुंबई:** महानगर में कचरे की बढ़ती समस्या और डंपिंग ग्राउंड की वजह से आसपास के क्षेत्रों में फैलती दुर्गंध से आने वाले समय में मुंबईकरों को छुटकारा मिल सकता है। केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकार की मदद से बीएमसी मुंबई में कचरे से 100 मेगावॉट बिजली उत्पादन की योजना बना रही है। बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई में प्रतिदिन लगभग 7 हजार मीट्रिक टन कचरा पैदा होता है, जो देवनार और कांजुरमार्ग डंपिंग ग्राउंड में फेंका जाता है। उस कचरे से करीब 100 मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ विडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई बैठक में मुंबई में कचरे की समस्या से निपटने के लिए उससे बिजली उत्पादन करने पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि देवनार और कांजुरमार्ग में फेंके जाने वाले कचरे का वेस्ट कैरेक्टराइजेशन टेस्ट किया जा रहा है। इससे पता चलेगा कि कितना कचरा बिजली उत्पादन के योग्य है। इसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए एक समिति के गठन का प्रस्ताव है, जिसमें भारत सरकार के सेक्रेटरी, राज्य के प्रिंसिपल सेक्रेटरी, बीएमसी कमिश्नर और बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर शामिल होंगे। यह कमिटी मुंबई में मुलुंड, कांजुरमार्ग और देवनार में स्थित डंपिंग ग्राउंड से हजारों टन कचरे को वैज्ञानिक तरीके से आधुनिक तकनीक के जरिए कैसे निपटाया जाए, इस पर रिपोर्ट तैयार करेगी। इसी के तहत कचरे से बिजली उत्पादन बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है। बीएमसी अधिकारी के अनुसार देवनार डंपिंग ग्राउंड में इस प्लांट से पहले चरण में 600 मीट्रिक टन कचरे से बिजली का उत्पादन होगा। इससे प्रतिदिन 6 मेगावाट बिजली मिलेगी। बीएमसी को उम्मीद है कि वर्ष 2025-26 तक इस प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा।

भविष्य में प्रॉजेक्ट को 1800 मीट्रिक कचरे में तब्दील कर बिजली उत्पादन की योजना है, जिससे प्रतिदिन करीब 10 मेगावॉट तक बिजली उत्पादन किया जा सकेगा। कचरे से पैदा होने वाली बिजली का कुछ हिस्सा उसी प्लांट में इस्तेमाल होगा।



# पाकिस्तान में अफगानियों की स्थिति

पाकिस्तान में लगभग 40 लाख अफगानी रहते हैं जिनमें से 17 लाख के पास कोई दस्तावेज नहीं है। पाकिस्तान अफगानों को क्यों निर्वासित कर रहा है? इसके पीछे विश्लेषकों का कहना है कि बड़े पैमाने पर बेदखली के पीछे बढ़ता उग्रवाद, आर्थिक संकट और सबसे ज्यादा पाकिस्तान और

तालिबान सरकार के बीच खटास हैं। पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि हाल के महीनों में पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में हमलों की संख्या में वृद्धि के बाद, पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे अफगानों का यहां रहना हमारे लिए खतरा है।

अक्टूबर की शुरूआत में बेदखली आदेश की घोषणा करते समय कार्यवाहक मंत्री बुगती ने संवाददाताओं से कहा, जनवरी से अब तक 24 आत्मघाती हमले हुए हैं, इन 24 में से 14 अफगान नागरिकों द्वारा किए गए थे। पाकिस्तान ने तालिबान सरकार पर उन आतंकवादी समूहों को सुरक्षित पनाह देने का आरोप लगाया है, जिनके बारे में उसका कहना है कि वे हमलों के पीछे हैं। इसमें पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) प्रमुख है।

इस्लामाबाद स्थित राजनीतिक विश्लेषक हसन अस्करी ने एएफपी को बताया, तालिबान सरकार वास्तव में अपनी धरती पर टीटीपी की मौजूदगी के बारे में पाकिस्तान की बात नहीं सुन रही है। पाकिस्तान चाहता है कि उन्हें रोका जाए और तालिबान ऐसा करने में असमर्थ और अनिच्छुक हैं। पाकिस्तान भी आर्थिक संकट की चपेट में है, और निर्वासन के अलावा और कोई चारा नहीं है। इन आदेशों को आम पाकिस्तानियों से समर्थन मिला है। क्योंकि वे अफगानों पर उनके हक छीनने और नौकरियों की कमी के पीछे अफगानियों को जिम्मेदार ठहराते हैं। कराची में, इस वक्त आम पाकिस्तानी अफगानी विक्रेताओं से बेहद कम कीमतों पर संपत्ति खरीद रहे हैं, क्योंकि वे जल्दी ही देश से निकलने को मजबूर हैं।

20 लाख अफगानों के निर्वासन से पाकिस्तान अपने बेरोजगारी के आंकड़ों में कमी देखने की उम्मीद कर रहा है। हालांकि, इस कदम से पाकिस्तान की मुद्रास्फीति दर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है, जो दक्षिण



एशिया में सबसे अधिक है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि पाकिस्तानी आम तौर पर बिना दस्तावेज वाले अफगानों को वापस भेजने का समर्थन करते रहे हैं। क्योंकि लंबे समय तक शरणार्थियों की मौजूदगी से देश के बुनियादी ढांचे पर भारी बोझ पड़ता है।

मरोजा बीबी और उनके बच्चे पाकिस्तानी सीमा पर इंतजार कर रहे सैकड़ों अफगानों में से हैं, जो गिरफ्तारी के डर से जल्दबाजी में उस देश को छोड़ रहे हैं जिसे उन्होंने दशकों से अपना घर कहा है। 52 वर्षीय बीबी ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तोरखम क्रॉसिंग पर एएफपी को बताया, मैं बहुत सारी अच्छी यादें लेकर जा रही हूं। मैं उम्मीद कर रही थी कि पाकिस्तान हमें राष्ट्रीयता देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जिससे हमें लगभग खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। मरोजा बीबी बताती हैं कि वह लगभग 10 वर्ष की थी जब उसका परिवार सोवियत युद्ध में अफगानिस्तान से भागकर पाकिस्तान में बस गया था। उसने अपने परिवार का पालन-पोषण किया और यहीं उसके पति को दफनाया गया।

काबुल अधिकारियों ने निर्वासन आदेश को क्रूर और बर्बर बताते हुए इसकी निंदा की है और चेतावनी दी है कि इससे इस्लामाबाद के साथ संबंधों में और गिरावट आएगी। सुरक्षा और राजनीतिक विश्लेषक और पाक इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के निदेशक मुहम्मद अमीर राणा ने कहा, तालिबान शासन से पाकिस्तान की उम्मीदें (सुरक्षा के बारे में) पूरी नहीं हुई हैं और पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन पर दबाव बनाने के लिए इसे एक साधन के रूप में इस्तेमाल करने का फैसला किया है।

अफगान शरणार्थियों की बड़े पैमाने पर वापसी और व्यापार के लिए कानूनी बाधाओं को कड़ा करने से अफगानिस्तान की नाजुक अर्थव्यवस्था पर भी दबाव पड़ेगा, जो अंतरराष्ट्रीय सहायता पर बहुत अधिक निर्भर है। आलोचकों का कहना है कि अफगान शरणार्थियों को दोनों सरकारों के बीच मतभेद की कीमत चुकानी पड़ रही है।

पाकिस्तान दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थियों की मेजबानी करने वाले देशों में से एक है। दशकों से लगातार युद्धों के दौरान लाखों अफगान शरण लेने के लिए पाकिस्तान आ रहे हैं। बहुसंख्यक लोग खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रहते हैं जो अफगानिस्तान का पड़ोसी है और जिसमें साझा पश्तून जातीयता है। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी के अनुसार, अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद कम से कम 6,00,000 अफगान पाकिस्तान भाग गए थे।

## पति की खानदानी संपत्ति में पत्नी का कितना अधिकार है? जानिए इस पर कानून क्या कहता है?

भारतीय संविधान में संपत्ति को लेकर कई तरह की बातें कही गई है जिसका पालन करना हर किसी का कर्तव्य है। एक समय ऐसा हुआ करता था कि महिलाओं को अपने परिवार के संपत्ति को लेकर कोई फैसला लेने की आजादी नहीं थी, क्योंकि यह काम पुरुषों के हाथ में हुआ करता था। लेकिन अब समय बदल रहा है जिस वजह से महिलाओं को लेकर भी बातें हो रही है। कानून में महिलाओं के हक की बात की गई है जिसमे यह भी बताया गया है कि परिवार में उनका कितना हक है। आज के दौर में महिलाओं को लेकर हमेशा कुछ ना कुछ बातें होती रहती है। इस वजह से बहुत सारे लोग यह सोच रहे होंगे कि पति के खानदानी संपत्ति में पत्नी का कितना अधिकार होता है? तो चलिए आज हम इस सवाल का उत्तर जानते हैं।

**पति के नाम पर संपत्ति हो तो पत्नी को कितना अधिकार मिलेगा?**

इस तरह के सवाल लोगों के मन में तब आने लगते हैं जब किसी पति-पत्नी के बीच तलाक होता है। भारतीय संविधान के अनुसार यदि संपत्ति पति ने खुद बनाई है और वह उन्ही के नाम पर है तो तलाक के बाद भी पत्नी को उसमे कोई अधिकार नहीं मिलेगा। इसके अलावा पति खुद की नाम पर कोई प्रॉपर्टी खरीदता है तो उस पर पत्नी दावा नहीं कर सकती है। क्योंकि भारतीय संविधान में यह साफ-



साफ लिखा हुआ है कि किसी संपत्ति का मालिक वही हो सकता है जिसके नाम पर वह प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड है।

**इस स्थिति में पत्नी कर सकती है दावा**

भारत में ऐसे बहुत सारे पति-पत्नी है जो संपत्ति खरीदने के बाद दोनों अपने-अपने नाम पर रजिस्टर्ड करवाते हैं। उस स्थिति में उसका मालिकाना हक दोनों के पास मौजूद होता है। जब कभी उन दोनों के बीच तलाक होता है तब वो दोनों अपनी-अपनी संपत्ति पर दावा कर सकते हैं, लेकिन पत्नी को उस दौरान इस चीज का प्रूफ देना पड़ेगा कि उन्होंने उस प्रॉपर्टी को खरीदने में अपना योगदान दिया है। यदि वो ऐसा करने में असफल रहती है तो फिर उस संपत्ति पर दावा नहीं कर सकती है।

यदि पत्नी उस संपत्ति को लेकर यह दावा करने में सफल होती है कि उन्होंने उसे खरीदने में अपना योगदान दिया था। उसके बाद उन्हें उसमे उतनी ही प्रॉपर्टी दी जाएगी, जितना उन्होंने योगदान दिया था। जिन लोगों को लगता है कि भविष्य में उनके साथ ऐसा कुछ हो सकता है तो इसके लिए उन्हें पहले से सभी दस्तावेज रखने चाहिए। इससे महिलाओं को पति से अपना हक लेने में आसानी होगी।

**पति की खानदानी संपत्ति पर पत्नी का कितना हक है?**

अगर किसी महिला की खानदानी संपत्ति उसके पत्नी के नाम पर कर दी गई है तो उसमे उसका भी उतना अधिकार है जितने उसका पति का। लेकिन वह संपत्ति महिला अपने नाम तभी कर सकती है जब उसके पति की मृत्यु हो जाएगी। अगर कोई महिला अपने पति से तलाक लेती है तो उसके बाद उनके पति के खानदानी संपत्ति में कोई अधिकार नहीं होगा।

## भारत नंबर से लेंगे गाड़ी तो होगा बड़ा फायदा, जानिए क्या है प्रोसेस

**भारत सीरीज एक खास तरह का रजिस्ट्रेशन होता है. इस सीरीज वाली गाड़ियों के नंबर प्लेट 21, 22, 23 जैसे अंकों के साथ शुरू होते हैं**

गाड़ी खरीदते समय कई लोग उसके नंबर पर खास ध्यान देते हैं, तो कई लोग वीआईपी नंबर पाने के लिए हजारों रुपये खर्च कर देते हैं. लेकिन, आजकल भारत सीरीज के नंबर प्लेट की खासी चर्चा हो रही है. जो लोग पहले वीआईपी नंबर प्लेट लेने के लिए भाग-दौड़ करते थे, अब वे लोग भारत सीरीज नंबर प्लेट पाना चाहते हैं. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने पुरानी गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन को भी भारत सीरीज के नंबरों में बदलने की अनुमति दे दी है. यह कदम भारत सीरीज के दायरे को बढ़ाने के लिए उठाया गया है. हालांकि, इससे पहले तक केवल नई गाड़ियों के लिए ही भारत सीरीज का नंबर प्लेट जारी किए जाते थे. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि भारत सीरीज रजिस्ट्रेशन नियमों को लागू करने के दौरान इसे सुदृढ़ बनाने के लिए कई प्रकार के सुझाव मिले थे, जिसके बाद विभाग ने इस संबंध में फैसला लिया है. लेकिन, आपको यह भी बता दें कि हर कोई अपनी गाड़ियों के लिए भारत सीरीज वाला नंबर प्लेट नहीं ले सकता है. सरकार ने इसके लिए कुछ खास लोगों को ही अधिकृत किया है, जो इस सीरीज वाला नंबर प्लेट ले सकते हैं. हालांकि, इस सीरीज के नंबर प्लेट लेने के कई फायदे हैं. आइए, जानते हैं कि भारत सीरीज वाला नंबर प्लेट कौन-कौन ले सकते हैं. इसका फायदा और आवेदन की प्रक्रिया क्या है?




**क्या होता भारत सीरीज वाला नंबर प्लेट**

भारत सीरीज का नंबर प्लेट जारी करने के पीछे सरकार का उद्देश्य ऐसे कर्मचारियों अथवा अधिकारियों के समय की बचत करना है, जिनका साल-दो साल पर हमेशा तबादला होता ही रहता है. सरकार के नियमों के अनुसार भारत सीरीज का नंबर प्लेट होने के बाद उन्हें दूसरे किसी भी राज्य में तबादला होने पर उन्हें उस राज्य में नए नंबर प्लेट के लिए आवेदन नहीं करना पड़ेगा. इस प्रकार का नंबर प्ले नॉन ट्रांसपोर्ट गाड़ियों के लिए जारी की जाती है. भारत सीरीज नंबर प्लेट के लिए कैसे करें आवेदन ऑनलाइन आवेदन के लिए डीलर कार मालिक को वाहन पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा. सभी आवश्यक दस्तावेज को भरना होगा और फिर आवश्यक शुल्क या मोटर वाहन कर का भुगतान करेगा. जहां गाड़ी का रजिस्ट्रेशन हुआ है, उस राज्य के रजिस्ट्रेशन ऑफिस से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) लेना होगा. प्रो-राटा आधार पर रोड टैक्स का भुगतान करना पड़ सकता है. फॉर्म पूरा करने के बाद आरटीओ द्वारा मंजरी दी जाएगी. अपनी गाड़ियों के लिए भारत सीरीज वाला नंबर प्लेट पाने के लिए आवेदन करने से पहले उसके बारे में जानकारी हासिल कर लेना बेहद जरूरी है. बता दें कि भारत सीरीज एक खास तरह का रजिस्ट्रेशन होता है. यह वन नेशन, वन राशन कार्ड की तरह वन नेशन, वन नंबर प्लेट होता है. इस सीरीज वाली गाड़ियों के नंबर प्लेट 21, 22, 23 जैसे अंकों के साथ शुरू होते हैं, जो यह दिखाते है कि गाड़ी का कब और किस साल में कब रजिस्ट्रेशन हुआ है. इसके बाद राज्यों के कोड के बजाय इसमे BH लिखा होता है, जो पूरे भारत में मान्य है.

CMYK

# स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जायेगा, मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

**देहरादून,** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लम्बे समय से रिक्त पड़े विभिन्न संगवों के पदों को शीघ्र भरा जायेगा। इसके अलावा चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा चयनित ऐसे असिस्टेंट प्रोफेसरों जिन्होंने विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में कार्यभार ग्रहण नहीं किया है उनकी जगह प्रतीक्षा सूची से नये चिकित्सकों को नियुक्ति प्रदान की जायेगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

सूबे चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज यमुना कॉलोनी स्थित शासकीय आवास पर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभाग में लम्बे समय से विभिन्न संवर्गों के अंतर्गत रिक्त चल रहे पदों को शीघ्र भरने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सूबे में चिकित्सकीय सेवाओं को और सुदृढ़ व सुलभ बनाने के लिये विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सक, सामान्य चिकित्सक, फार्मासिस्ट, नर्सिंग पैरामेडिकल, तकनीकी स्टॉफ, विभागीय आईईसी सहित वार्ड ब्वॉय की शत-प्रतिशत तैनाती आवश्यक है ताकि प्रदेशभर के राजकीय चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

डॉ. रावत ने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित असिस्टेंट प्रोफेसर्स को नियुक्ति प्रदान की गई थी लेकिन चयनित अभ्यर्थियों में से कई ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया जिस कारण आज भी मेडिकल कॉलेजों में कई पद रिक्त चल रहे हैं। इस संबंध में अधिकारियों को रिक्त पदों की सूचना शीघ्र चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को भेजने के निर्देश दिये ताकि रिक्त पदों के सापेक्ष प्रतिक्षा सूची से असिसटेंट प्रोफेसरों की तैनाती की जा सके। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों के लम्बे समय से रिक्त चल रहे पदो के सापेक्ष




संविदा पर 200 चिकित्सकों की तैनाती की जायेगी, इसी प्रकार विभिन्न चिकित्सालयों में 30 दिसम्बर तक वार्ड ब्वॉय, आशा व एएनएम की शत-प्रतिशत तैनाती जनपद स्तर पर करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद सुरेश भट्ट, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो हेम चंद्र, अपर सचिव स्वास्थ्य नमामि बंसल, गरिमा रौंकली, अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनीता शाह, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, सीएमओ देहरादून डॉ संजय जैन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**श्रीनगर में होगा राज्य स्तरीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर**

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय चिंतन शिविर का आयोजन श्रीनगर गढ़वाल में किया जायेगा। जिसमें प्रदेशभर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिये मंथन कर रोड़मैप तैयार किया जायेगा। जिसके लिये सभी जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को अपने-अपने जनपदों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुतिकरण देना होगा, जिसमें उपलब्ध सुविधाओं सहित भविष्य की जरूरतों पर भी विशेष फोकस किया जायेगा। चिंतन शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं चिकित्सा क्षेत्र के ख्याति प्राप्त शोधकताओं को भी आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिये उच्चाधिकारियों को तैयारी के निर्देश दे दिये गये हैं।

**नर्सिंग अधिकारियों को हल्द्वानी व देहरादून में दिये जायेंगे नियुक्ति पत्र**

विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पिछले दिनों चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित 1377 नर्सिंग अधिकारियों को आगामी 01 दिसम्बर को देहरादून व हल्द्वानी में आयोजित स्वास्थ्य रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। जिनकी तैनाती पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों में की जायेगी। इसके लिये स्वास्थ्य महानिदेशक को सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दे दिये गये हैं। डॉ. रावत ने बताया कि पिछले कई वर्षों से प्रदेश के विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों में नर्सिंग अधिकारियों के पद रिक्त चल रहे थे जिस कारण चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों को अपेक्षित स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही थी। नये नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती के बाद विशेष कर पर्वतीय क्षेत्रों के साथ ही विकासखण्ड स्तर के चिकित्सा ईकाईयों में बेहतर नर्सिंग सेवाएं उपलब्ध हो सकेगी।

# शहद का अत्यधिक सेवन पहुंचा सकता है आपको नुकसान

शहद से प्राप्त होने वाले फायदे किसी से छिपे नहीं हैं। प्राकृतिक गुणों से भरपूर शहद बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। वैसे तो आप शहद को यूं ही खाएं या फिर गर्म पानी में डालकर, यह हर रूप में लाभकारी ही होता है। लेकिन फिर भी इसका अत्यधिक सेवन व गलत तरीके से सेवन करने पर इसे अमृत से विष बनने में देर नहीं लगती। इतना ही नहीं, इसके कारण आपको बहुत सी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ परेशानियों के बारे में-

**सही तरह से सेवन :** शहद का सेवन करते समय आपको इस बात का ख्याल रखना होता है कि आप शहद का किस प्रकार सेवन करते हैं। उदाहरण के तौर पर लोग वजन कम करने के लिए शहद का सेवन गर्म पानी के साथ करते हैं, लेकिन आवश्यकता से अधिक गर्म पानी का सेवन करने से आपको शरीर में गर्मी या पेट संबंधी परेशानियां होने का खतरा बना रहता है। ठीक इसी तरह शहद को कभी भी गर्म दूध, चाय, कॉफी, मूली, नानवेज आदि के साथ नहीं लेना चाहिए।

**पेट हो जाता है खराब :** स्वस्थ रहने के लिए भले ही आप शहद का सेवन करते हों लेकिन आवश्यकता से अधिक इसका सेवन करने से आपको पेट संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। दरअसल, शहद में फरुक्टोज पाया जाता है, जिसे हर व्यक्ति के लिए पचा पाना मुश्किल होता है। जब इसकी अधिकता होती है तो इससे पेट खराब होने, पेट में दर्द, पेट में फूलने और डायरिया होने की संभावना बन जाती है।

**रोगियों के लिए नुकसानदायक :** शहद का सेवन अस्थमा रोगियों के लिए काफी नुकसानदेह होता है। इससे उन्हें श्वास में कमी, खुजली और जीभ में सूजन जैसी समस्या होती है। इतना ही नहीं, जिन लोगों को एलर्जी की परेशानी होती है, उन्हें भी शहद का सेवन करने पर फेफड़े में सूजन होने की परेशानी हो सकती है। वहीं मधुमेह रोगियों को भी शहद का सेवन डॉक्टर के परामर्श के बाद ही करना चाहिए क्योंकि यह रक्त में शर्करा के स्तर में वृद्धि करता है। इसके अतिरिक्त रक्तस्त्राव से पीड़ित व्यक्तियों के लिए भी शहद बेहद हानिकारक होता है।




**छोटी आंत होती है प्रभावित :** शहद की अधिकता आपकी छोटी आंत को प्रभावित करती है। जब आपकी छोटी आंत प्रभावित होती है तो इससे शरीर को पोषक तत्वों को अवशोषित करने में काफी दिक्कत आती है। अंततः इससे कई तरह की परेशानियां पैदा होती हैं।



सीमेंट-रेत) और मालों/होटलों का ही शहर नही है। अपितु प्रकृति-प्रेमी नगर भी है। एक बात और। दुबई की भावी योजनाओं में एक अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना है फाल्कन सिटी ऑफ़ वंडर्स। इस परियोजना के तहत दुनिया भर से वास्तुकला के कई श्रेष्ठ नमूनों की प्रतिकृतियां बनाई जाएंगी जिनमें पिरामिड, हैंगिंग गार्डन, एफिल टावर, ताज महल, चीन की महान दीवार और पिसा की झूलती मीनार शामिल हैं। परियोजना दुबई के प्रतिमानों की श्रृंखला में एक और नई कहानी लिखेगी, ऐसा इसके प्रबंधकों का मानना है।

दुबई के प्रशासकों (शेखों) को यह समझ में आने लगा है कि उनके तेल के जखीरे अब ज्यादा दिनों तक चलने वाले नहीं हैं और एक-न-एक दिन उनके ये तेल के कुंए तेल देना बंद कर देंगे। दरअसल, 1930 में उन्हें तेल की अकूत संपदा हाथ लगी थी, उससे पहले यहां के लोग मछली-पालन या समुद्र से मोती निकालने का काम करते थे, लगभग अस्सी वर्षों से सहरा इन्हें तेल से मालामाल कर रहा है। बुर्ज, होटल, चौड़ी सड़कें, चमक-दमक, वैभव, ठाठ-बाठ आदि सब तेल की वजह से है। मगर तेल निकलेगा भी तो कब तक इसलिए विकल्प के तौर पर, समय रहते, यहां के शासक 'पर्यटन' उद्योग को बढ़ावा देने में जुटे हुए हैं। चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्रों में भी बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं ये लोग ला रहे हैं। ●●●



# दिल दहला देने वाली घटना

## पत्नी की हत्या कर शव को ड्रम में बंदकर जंगल में फेंका, जानें वजह



महाराष्ट्र में 35 वर्षीय एक व्यक्ति ने धन संबंधी झगड़े के बाद अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी और शव को ड्रम में बंद कर ठाणे जिले के एक जंगल में फेंक दिया. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को हुई और 32 वर्षीय महिला के परिवार की शिकायत के बाद आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया. कल्याण ग्रामीण पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि टिटवाला इलाके में रहने वाले दंपति की शादी 12 साल पहले हुई थी और आरोपी अपनी पत्नी को अक्सर परेशान करता था. उन्होंने बताया कि आरोपी अपने सास-ससुर से पैसे की मांग करता था.

**पैसे को लेकर हुआ था विवाद**

अधिकारी ने बताया कि महिला के परिवार ने पहले भी आरोपी को 80,000 रुपये दिए थे. उन्होंने बताया कि आरोपी को ऑटो-रिक्शा खरीदने के लिए दो लाख रुपये की जरूरत थी, जो महिला के माता-पिता नहीं दे सके. उन्होंने बताया कि पति-पत्नी के बीच पैसों व अन्य मुद्दों को लेकर अक्सर झगड़ा होता था.

अधिकारी ने बताया कि रविवार को व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सिर पर लोहे की छड़ से कथित तौर पर हमला किया और फिर रस्सी से उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी. उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी ने महिला के शव को एक बड़े ड्रम में बंद किया और फिर एक ऑटो-रिक्शा में ले जाकर उसे अंबरनाथ के पास एक जंगल में फेंक दिया.

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अधिकारी ने बताया कि अपनी बेटी से संपर्क नहीं हो पाने पर पीड़िता की मां ने आरोपी पति को फोन किया. उन्होंने बताया कि आरोपी ने अपनी सास को बताया कि उसने उसकी बेटी की हत्या कर दी है और शव को जंगल में फेंक दिया है तथा वह पहले से ही एक पुलिस थाने में है. सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया.

# दहिसर इलाके में फटी पाइपलाइन, जलभराव से लगा जाम

**मुंबई:** शहर के दहिसर इलाके में वॉटर लॉगिंग देखने को मिली। बताया जा रहा है कि बीएमसी की पाइपलाइन फट गई थी, जिस वजह से भारी मात्रा में सड़क पर पानी लग गया। वहीं जलभराव होने की वजह से रास्ता जाम हो गया है। पूरा मामला दहिसर के पूर्व टोल प्लाजा के पहली सबवे लाइन के सामने का है, जहां पश्चिमी एक्सप्रेसवे से नगर निगम की बड़ी पानी की पाइपलाइन अचानक से तेजी से लीक होने लगी। आज सुबह मेट्रो की खुदाई करते समय पानी की पाइपलाइन फट गई। वहीं पाइपलाइन फटने से लाखों लीटर पानी बह गया। पुल के नीचे लगातार पानी बह रहा है। वहीं पानी बहने की वजह से भारी जलजमाव हो गया है, जिससे ट्रैफिक जाम हो रहा है।



**दिल्ली में पाइपलाइन फटने से तीन की मौत**

बता दें कि पाइपलाइन फटने का यह कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले भी उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में सुरक्षित शहर परियोजना के तहत खुदाई के दौरान पाइपलाइन फट गई थी। इस दौरान वहां काम कर रहे तीन श्रमिक झुलस गए थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया था कि सुरक्षित शहर परियोजना से संबंधित एक ठेकेदार के श्रमिकों ने खुदाई करते समय इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की एक पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में वेल्डिंग करने वाले तीन श्रमिक झुलस गए और पाइपलाइन को भी नुकसान पहुंचा। श्रमिकों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**असम में भी एक की मौत**

वहीं गुवाहाटी में पानी की पाइपलाइन फटने की एक अन्य घटना की जांच के लिए असम सरकार ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। पाइपलाइन फटने की इस घटना में एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि पांच लोग घायल हो गए थे।

# इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम के नाम पर महिला से धोखाधड़ी, महिला ने 5 दिन में गंवाए 16 लाख रुपये

**वसई** - कोरोना काल में शुरू हुई वर्क-फ्रॉम-होम पद्धति साइबर थैक्सेन्स के लिए बड़ी सफलता बन गई है। वर्क फ्रॉम होम जैसे घोटालों में बढ़ोतरी हुई है। विरार में रहरनाया ने एक महिला से 16 लाख की ठगी की है। इस मामले में 46 साल की महिला विरार वेस्ट में रहती है. 18 नवंबर को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखा. यह घर से काम करके महीने में हजारों रुपये कमाने का विज्ञापन था। लेकिन फिराडी महिला को यह समझ नहीं आया कि विज्ञापन फर्जी था। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद, 4 अलग-अलग इंस्टाग्राम आईडी ने संदेशों के माध्यम से उससे संपर्क किया। इसमें कहा गया था कि टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने के बाद आपको ढेर सारे पैसे मिलेंगे। फि आर्डी महिलाएँ इन भूलों का शिकार हो गईं। आरोपी के मुताबिक, उसने टास्क पूरा किया और इसके लिए कई तरह की फीस भी चुकाई। 18 नवंबर से 22 नवंबर तक पांच दिनों में महिला ने साइबर थाकसेन को 15 लाख 96 हजार रुपये तक भेज दिए। लेकिन उसे कोई रिफंड नहीं मिला. इसके विपरीत, उसे भुगतान किए गए लगभग 16 लाख रुपये में से एक भी रुपया नहीं मिला। इसके बाद सभी आईडी बंद कर दी गईं। यह महसूस करने के बाद कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, महिला ने सोमवार को अनला सागरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस महिला की शिकायत पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है.



# सर्विस सेंटर पर ट्रैक्टर का टायर फटने से एक की मौत



**महाड:** ट्रैक्टर में पानी भरते समय ट्रैक्टर का टायर फटने से गंभीर रूप से घायल हुए एक मजदूर की मौत की घटना सोमवार (4 तारीख) को महाड शहर के पास सुंदरवाड़ी में हुई. मृतक कर्मचारी की पहचान जावेद अब्दुल समद थांजे (उम्र 39) के रूप में की गई है और वह महाड शहर के पास साहिलनगर मोहल्ले का निवासी था। जावेद थांजे मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग के पास सुंदरवाड़ी में समृद्धि सर्विसिंग सेंटर में काम करते थे। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे एक ट्रैक्टर के टायर में प्रेशर पाइप से पानी भरा जा रहा था।

# मुफ्त में खाई तंबाकू-सुपारी; पैसे मांगे तो पत्थर से कुचल दिया सिर

**नागपुर,** चौंका देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने पान की दुकान चलाने वाले युवक की इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि उसने उधार में खिलाये गए तंबाकू और सुपारी के खर्चे के पैसे मांग लिए। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, उधार के पैसे मांगने पर शख्स ने पान वाले की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। घटना सावनेर थाना क्षेत्र के सावरमेंढा की है। मृतक का नाम अंकित मनोज शाहू (उम्र 23 वर्ष) है। वहीं, पुलिस ने आरोपी सागर रामचंद्र खानकुरे (उम्र 30 वर्ष) के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मृतक अंकित के पिता मनोज शाहू खेती करते हैं। उसका बड़ा भाई सूरज शाहू एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। जबकि अंकित घर के सामने पान की छोटी से दुकान चलाता था। आरोप है कि सागर उससे उधार में खर्रा लेकर खाता था।

# लोकसभा की 4 सीटों पर लड़ने का NCP का ऐलान, बहन के खिलाफ उम्मीदवार उतारेंगे अजित पवार



**मुंबई:** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर चल रही है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 26 सीटों पर चुनाव लड़ने का बयान सामने आया था और उसके बाद एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी में बवाल देखने को मिला था। एकनाथ शिंदे ने भी मौजूदा 13 सांसदों के साथ अपनी स्थिति साफ कर दी है कि वह भी आगामी लोकसभा चुनाव में 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने जा रहे हैं। वहीं अजित पवार की एनसीपी की तरफ से भी अब स्थिति साफ होती हुई दिख रही है। एनसीपी ने भी पिछले लोकसभा चुनाव में जीती हुई सीटों पर लड़ने का ऐलान किया है। इसके बाद अब यह साफ हो गया है कि अजित पवार ने सुप्रिया सुले के खिलाफ उम्मीदवार मैदान में उतारने का मन बना लिया है। यानि इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान लड़ाई पवार बनाम पवार होगी। आपको बता दे कि अविभाजित राष्ट्रवादी पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में 19 उम्मीदवार उतारे थे। जिसमें से उन्हें 4 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। एनसीपी के 4 जीते हुए उम्मीदवारों ने यह जीत सातारा, शिरूर, रायगढ़ और बारामती में हासिल की थी।

एनसीपी ने सातारा, शिरूर, बारामती और रायगढ़ पर 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। सतारा से श्रीनिवास पाटील विजयी हुए थे। बारामती सीट से सुप्रिया सुले ने तीसरी बार जीत अपने नाम की थी। यह दोनों ही सांसद अब भी शरद पवार के साथ हैं। जबकि बाकी के दो सांसदों में रायगढ़ से जीतने वाले सुनील तटकरे इस समय अजित पवार के साथ हैं। शिरूर लोकसभा सीट से 2019 में जीत अपने नाम करने वाले अमोल कोल्हे ने दोनों गुट को अपना समर्थन दे रखा है।



# मुंबई के लिए बुरी खबर, तूफान मिचौंग लाएगा मुसीबत! मौसम विभाग ने की बड़ी भविष्यवाणी

**मुंबई:** दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और दक्षिणी अंडमान सागर के ऊपर लो-प्रेशर एरिया बनने की वजह से चक्रवाती तूफान ह्यमिचौंग्ह के आने का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि यह संभावित तूफान देश के दक्षिणी हिस्से में दस्तक देगा। लेकिन इसका असर महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा।

बता दें कि चक्रवात मिचौंग के सोमवार तड़के पूर्वी तट से टकराने की आशंका है। उत्तरी तमिलनाडु और पड़ोसी दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटीय जिले इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अभी तक संभावित तूफान कहां टकराएगा, उस सटीक स्थान के बारे में नहीं बताया है।

मुंबई में गुलाबी ठंड का आगमन हो चुका है। इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) के सांताक्रूज वेधशाला में न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हालांकि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे चक्रवात मिचौंग के कारण मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि मुंबई और उसके उपनगरों में तापमान फिर से बढ़ेगा।

आईएमडी मुंबई के निदेशक सुनील कांबले ने बताया कि चक्रवात बनने के बाद शहर व उसके आसपास के इलाकों में आर्द्रता और बादल की स्थिति बनेगी, जिसके कारण पारा चढ़ने की उम्मीद है।

CMYK

# महाराष्ट्र क्राईम्स

मुंबई, 05 दिसंबर, 2023



# क्रिप्टो करंसी में डील, भारतीय सेना की जासूसी, लखनऊ से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का एजेंट गिरफ्तार

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में एटीएस को बड़ी कामयाबी मिली है। यूपी एटीएस की टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भारतीय सेना की जासूसी करने के मामले में एक साजिशकर्ता को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान लखनऊ के राजाजी पुरम निवासी वसीउल्लाह के रूप में हुई है। इसके पास से एटीएस ने 2 मोबाइल भी बरामद किए हैं। वहीं, एटीएस की टीम आरोपी वसीउल्लाह को रिमांड पर लेकर इस मामले में अन्य खुलासे भी कर सकती है।



एटीएस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, राजधानी लखनऊ के राजाजी पुरम का रहने वाले वसीउल्लाह साइबर अपराध के एक ऑनलाइन ग्रुप का सदस्य था, जिसके चलते यह आईएसआई एजेंट्स और साइबर हैकर्स के संपर्क में आया था। इस अवैध काम में अपनी गोपनीयता को बनाए रखने के लिए वसीउल्लाह क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से भी डीलिंग करता था। वसीउल्लाह द्वारा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट के इशारे पर शैलेश और अन्य आईएसआई एजेंट्स को उनकी अवैध जासूसी करने के लिए अपने खाते का दुरुपयोग कर रुपये भेजे थे। इसको लेकर वसीउल्लाह को एटीएस मुख्यालय पर लाया गया था।

वसीउल्लाह ने एटीएस पूछताछ में बताया कि रुपयों के लालच में आकर वो आईएसआई एजेंट की साजिश में शामिल हो गया था और आईएसआई के कहने पर उसने अपने बैंक खाते का गलत इस्तेमाल करते हुए शैलेश और अन्य आईएसआई एजेंट्स को जासूसी करने के लिए रुपये भेजे थे। वसीउल्लाह के कबूलनामे के बाद उसे धारा- 121ए/120बी भादवि व 13 यू.ए.पी. अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में अधिक जानकारी जुटाने के लिए वसीउल्लाह की रिमांड के लिए अनुरोध किया गया है।

**गिरफ्तार हो चुका है शैलेश**

25 सितंबर 2023 को वॉट्सऐप और फेसबुक के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को सेना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप में एटीएस की टीम ने शैलेश कुमार उर्फ शैलेन्द्र सिंह चौहान को गिरफ्तार किया था। इस मामले में आरोपी के खिला लखनऊ के एटीएस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# मुंबई में कॉलेज छात्रा से सरकारी फ्लैट में गैंगरेप, दो आरोपी गिरफ्तार

## मुंबई के चेंबूर इलाके में 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा से सरकारी फ्लैट में गैंगरेप... 2 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई,** महाराष्ट्र के मुंबई में एक कॉलेज छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें कोर्ट के आदेश पर 20 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। खबर के अनुसार, 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा से मुंबई के चेंबूर इलाके में स्थित एक सरकारी फ्लैट में सामूहिक दुष्कर्म किया गया। मुंबई पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 376, 376 (डी) और 34 के तहत मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस ने यह जानकारी दी है।

पुलिस ने बताया घटना 15-16 नवंबर की रात की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक आरोपी और पीड़िता एक दूसरे को जानते हैं और दोनों के पिता भी एक दूसरे से परिचित हैं। घटना वाली रात आरोपी के परिजन बाहर गए हुए थे। इस पर आरोपी ने अपने एक अन्य दोस्त



को भी घर बुला लिया। इसी बीच पीड़िता वहां कुछ खाना बनाने का सामान लेने आई थी। इस पर दोनों आरोपियों ने पीड़िता को पीने के लिए ड्रिंक दी। पीड़िता का कहना है कि ड्रिंक पीने के बाद वह बेहोश हो गई, जिसके बाद दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। होश में आने पर पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने करीबी दोस्तों को दी। जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# हिंजवडी पुलिस...

( पेज १ का शेष.... )

श्री. विनोय कुमार चौबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुये परिमंडल क्र दो के पुलिस उपायुक्त श्री डॉ. काकासाहेब डोले को भेजी. श्री.डॉ काका साहेब डोले ने हिंजवडी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीराम ब.पौल को भेजा। दिनांक २४/११/२०२३ के रोज हिंजवडी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीराम ब.पौल ने एक लिखित पत्र के माध्यम से हमे यह जानकारी दी कि आप के द्वारा की गई शिकायत की तहकीकात अभी शुरू है।

तहकीकात पूरी होने पर आप को इसकी पूरी जानकारी दी जाएगी। इस तरह से हमारे द्वारा की गई शिकायत की तहकीकात हिंजवडी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कर रहे है। गौरतलब बात यह है कि जब हमने अपनी लिखित अर्जी के साथ पार्लर में हो रहे अश्लील कार्यक्रम की पूरी विडिओ दी तो क्या उस विडिओ से यह साबित नही होता है कि उस स्पा के अन्दर क्या चल रहा है?

यह सब देखने के बाद भी पुलिस यह कहती है कि अभी इसकी तहकीकात शुरू है। यह कानूनी कारवाई ना करने के लिये मसाज पार्लर के मालकिन से कुछ समझौता हुआ है ? यदि यह समझोता हुआ है तो यह बात सत्य है जो स्थानिक लोग बोलते है कि सभी मसाज पार्लर में आज जो खुलेआम चल रहा है यह स्थानिक पुलिस की जानकारी में है। अब देखना यह है कि हिंजवडी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्रीराम ब.पौल इस स्पा की कितने दिनों में तहकीकात पूरी करते है? या इस मामले को इसी तरह अधूरे में रख कर अन्या स्पा को बचाते है?

# न करें अनदेखा, ये HIV संक्रमण का हो सकता है संकेत

( पेज १ का शेष.... )

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एचआईवी से पीड़ित कई लोगों में पहले कोई भी लक्षण नहीं दिखते हैं लेकिन धीरे-धीरे इसके विकसित होने का खतरा हो सकता है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है उनमें इस संक्रमण के होने का खतरा अधिक हो सकता है। आइए जानते हैं कि एचआईवी का संक्रमण शरीर को किस प्रकार से प्रभावित करने वाली हो सकती है और इसकी समय रहते पहचान कैसे की जा सकती है?

एचआईवी संक्रमण की शुरूआती स्थिति में आपके शरीर में फ्लू जैसे लक्षण दिखने लगते हैं, इसमें शुरूआत में अक्सर बुखार होने के साथ कुछ दिनों बाद आपको दाने निकल सकते हैं। दाने अक्सर चेहरे, गर्दन और ऊपरी छाती पर फैल जाते हैं। कभी-कभी यह आपके शरीर के अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित कर सकता है। यह लगभग एक सप्ताह तक चल सकता है। इस तरह की समस्या अक्सर होती रहती है।



जैसे-जैसे शरीर में संक्रमण की समस्या बढ़ती जाती है, यह कई लोगों में लिम्फ नोड्स में सूजन का कारण भी बन सकती है। आमतौर इस तरह की दिक्कत गर्दन में अधिक दिखाई देते हैं। कभी-कभी बगल या कमर में इसके लक्षण देखे जा सकते हैं। अधिकांश मामलों में नोड्स कुछ हफ्तों के बाद सिकुड़ जाते हैं, लेकिन उसके बाद सूजन लंबे समय तक रह सकती है। इस तरह की समस्या पर सभी लोगों को गंभीरता से ध्यान देते रहने की आवश्यकता होती है।

एचआईवी संक्रमण के लक्षण आपकी त्वचा और मुंह के भीतर भी दिखाई दे सकते हैं। आपको घाव या अल्सर भी होने लग सकते हैं। ये दर्दनाक हो सकते हैं और आपके मुंह, गले, जननांग क्षेत्र और गुदा में भी हो सकते हैं। एचआईवी से पीड़ित हर व्यक्ति को ये घाव हों ये जरूरी नहीं है, पर अन्य लक्षणों के साथ इस समस्या पर ध्यान देते रहना बहुत आवश्यक माना जाता है।

# फेसबुक पर नाबालिग लड़कियों से...

( पेज १ का शेष.... )

इस वजह से पीड़ित लड़की ने आत्महत्या करने की कोशिश भी की थी। इस मामले में अचोले पुलिस स्टेशन में धारा 376, 376 (2) (एन), 509, 506, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की धारा 4, 6, 8, 12, 14 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 (अ) और 67 (ब) के तहत मामला दर्ज किया गया था। तभी से आरोपी फरार हो गया था। इस मामले की जांच मध्यवर्ती अपराध शाखा को सौंप दी गई है। पुलिस उपनिरीक्षक हितेंद्र विचारे और उनकी टीम ने मामले की जांच की और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से आरोपी का पता लगाया और उसे भायंदर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भायंदर में एक मोबाइल शॉप में मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या उसने किसी अन्य लड़कियों के साथ भी इस तरह को घटना को अंजाम तो नहीं दिया है।

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक, मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३ से प्रकाशित किया । RNI NO. : MAHHIN/1998/02261
संपादक सिराज चौधरी मो. ७७७७०६०६८७ www. maharashtracrimes. in / www. maharashtracrimes. blogspot. in Email : editor@maharashtracrimes. in / maharashtracrimes@gmail. com

CMYK